**भारत सरकार**

**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय**

**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग**

**लोक सभा**

**तारांकित प्रश्न संख्या:11**

**दिनांक 02 फरवरी, 2024 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर**

**आयुष्मान भारत योजना**

***11. श्री चंद्र शेखर साहू:**

**श्री राहुल रमेश शेवाले:**

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार देश में आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत नागरिकों को सहायता प्रदान करती है;

(ख) यदि हां, तो विगत पांच वर्षों में प्रत्येक वर्ष के दौरान विभिन्न राज्यों, विशेषकर ओडिशा में, आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत नागरिकों के उपचार पर व्यय की गई निधियों का ब्यौरा क्या है;

(ग) उक्त योजना के अंतर्गत ऐसी सहायता से अब तक राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार, विशेषकर ओडिशा में, कितने नागरिक लाभान्वित हुए हैं;

(घ) उक्त अवधि के दौरान, विशेषकर ओडिशा में, कितने निजी अस्पतालों को पैनल में शामिल किया गया है और उक्त विभिन्न निजी अस्पतालों को प्रतिपूर्ति की गई निधियों का ब्यौरा क्या है; और

(ड.) उक्त योजना के अंतर्गत निजी अस्पतालों को पैनल में शामिल करने हेतु निर्धारित मानदंडों का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री (डॉ. मनसुख मांडविया)**

(क) से (ड.): विवरण सदन के पटल पर रख दिया गया है।

**दिनांक 02 फरवरी, 2024 के लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या 11 के उत्तर में उल्लिखित विवरण**

****

आयुष्मान भारत - प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी-पीएमजेएवाई) विश्व की सबसे बड़ी सार्वजनिक रूप से वित्त पोषित स्वास्थ्य बीमा योजना है जिसका उद्देश्य 12 करोड़ परिवारों को माध्यमिक और विशिष्ट परिचर्या हेतु अस्पताल में भर्ती होने पर प्रति वर्ष प्रति परिवार 5 लाख रुपये का स्वास्थ्य कवर प्रदान करना है। यह योजना दिल्ली, ओडिशा और पश्चिम बंगाल को छोड़कर 33 राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में चलाई जा रही है।

दिनांक 15.01.2024 की स्थिति के अनुसार, इस योजना के तहत 79,174 करोड़ रुपये के व्यय से अस्पतालों में लगभग 6.22 करोड़ दाखिलों को अधिकृत किया गया है। इनमें से वित्त वर्ष 2018-19 से वित्त वर्ष 2022-23 के बीच 59,785 करोड़ मूल्य के व्यय से अस्पतालों में 4.86 करोड़ दाखिलों को अधिकृत किया गया है। इस योजना के अंतर्गत अस्पतालों में अधिकृत दाखिलों का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार और वित्तीय वर्ष-वार विवरण **अनुलग्नक** में दिया गया है।

दिनांक 15.01.2024 की स्थिति के अनुसार, इस योजना के अंतर्गत 11,973 निजी अस्पतालों सहित कुल 27,742 अस्पताल योजना के लाभार्थियों को स्वास्थ्य परिचर्या प्रदान करने के लिए पैनलबद्ध किए गए हैं। निजी अस्पतालों में लगभग 52,207 करोड़ रुपये के व्यय से 3.37 करोड़ लोगों को भर्ती होने के लिए अधिकृत किया गया है। एबी-पीएमजेएवाई योजना ओडिशा राज्य में लागू नहीं की जा रही है, हालांकि, योजना की पोर्टेबिलिटी विशेषता के अंतर्गत अन्य राज्यों के योजना लाभार्थियों को स्वास्थ्य परिचर्या सेवाएं प्रदान करने के लिए राज्य में 2 निजी अस्पतालों सहित 26 अस्पतालों को पैनलबद्ध किया गया है।

एबी-पीएमजेएवाई के तहत अस्पतालों को पैनलबद्ध करने संबंधी अस्पताल इम्पैनलमेंट एंड मैनेजमेंट (एचईएम) दिशानिर्देशों से राज्य स्वास्थ्य एजेंसियों (एसएचए) को योजना के तहत अस्पतालों को पैनलबद्ध करने का अधिकार प्रदान किया गया है। एसएचए को कमी वाले क्षेत्रों के लिए अस्पताल को पैनलबद्ध किए जाने संबंधी मानदंडों में बदलाव करने की छूट दी गई है।

विस्तृत एचईएम दिशानिर्देश निम्नलिखित लिंक पर उपलब्ध हैं:

https://nha.gov.in/img/resources/Hospital-Empanelment-Guidelines-21-12-22.pdf

अनुलग्नक

## योजना के अंतर्गत आधिकृत अस्पताल में दाखिलों का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार और वित्तीय वर्ष वार ब्यौरा

(राशि करोड़ रुपये में)

| राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | वित्त वर्ष 2018-19 | | वित्त वर्ष 2019-20 | | वित्त वर्ष 2020-21 | | वित्त वर्ष 2021-22 | | वित्त वर्ष 2022-23 | | वित्तीय वर्ष 2023-24 (15.01.2024 तक) | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | संख्या | राशि | संख्या | राशि | संख्या | राशि | संख्या | राशि | संख्या | राशि | संख्या | राशि |
| अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | 14 | 58,000 | 150 | 11,58,094 | 311 | 1,02,36,710 | 794 | 2,16,52,485 | 695 | 2,60,63,932 | 413 | 1.53.45.111 |
| आंध्र प्रदेश | 1,39,925 | 4,15,94,11,741 | 5,76,991 | 14,09,63,00,000 | 7,56,406 | 19,08,02,00,000 | 11,60,904 | 27,15,68,00,000 | 15,42,183 | 33,38,22,00,000 | 12,62,734 | 25,43,53,61,401 |
| अरुणाचल प्रदेश | 375 | 75,01,500 | 1,234 | 1,97,57,457 | 70 | 16,78,125 | 231 | 37,36,180 | 1,019 | 1,84,82,093 | 846 | 1,70,18,394 |
| असम | 32,702 | 51,29,74,913 | 84,422 | 1,15,74,75,368 | 91,772 | 1,39,18,35,257 | 1,75,310 | 2,66,77,37,289 | 2,39,612 | 3,90,42,79,296 | 3,10,496 | 5,32,53,97,278 |
| बिहार | 18,462 | 16,70,27,926 | 1,50,567 | 1,38,22,39,421 | 84,812 | 76,55,02,124 | 1,14,882 | 1,35,00,47,086 | 2,12,504 | 2,29,17,53,024 | 1,97,009 | 2,25,78,27,316 |
| चंडीगढ़ | 273 | 23,70,790 | 3,135 | 2,51,91,019 | 5,206 | 3,08,44,095 | 8,207 | 5,39,26,374 | 10,271 | 9,31,44,651 | 11,113 | 10,62,52,939 |
| छत्तीसगढ़ | 2,30,971 | 1,82,42,88,077 | 6,27,786 | 5,60,36,58,705 | 4,92,288 | 5,14,46,01,495 | 8,93,285 | 9,62,58,80,196 | 12,86,731 | 14,85,95,25,184 | 10,17,055 | 13,86,67,07,137 |
| अंडमान निकोबार द्वीप समूह और दादरा एवं नगर हवेली | 7,675 | 2,67,65,240 | 31,621 | 18,46,68,266 | 18,862 | 11,54,41,342 | 20,526 | 14,62,88,819 | 21,422 | 16,31,60,019 | 14,481 | 10,82,37,486 |
| गोवा | 9,723 | 31,68,34,320 | 374 | 1,06,97,164 | 139 | 28,72,856 | 167 | 38,00,809 | 407 | 78,68,621 | 1,420 | 85,04,614 |
| गुजरात | 3,14,087 | 4,53,55,88,237 | 11,38,567 | 17,05,99,62,950 | 8,23,589 | 11,32,66,54,900 | 5,58,564 | 15,97,46,99,223 | 9,08,184 | 26,23,95,63,868 | 8,19,523 | 23,01,79,20,827 |
| हरियाणा | 10,426 | 15,92,40,615 | 93,830 | 1,20,80,73,470 | 1,37,044 | 1,55,52,47,368 | 1,84,108 | 2,38,55,32,133 | 2,82,782 | 4,20,98,26,775 | 3,41,886 | 5,22,34,34,538 |
| हिमाचल प्रदेश | 8,238 | 8,61,00,051 | 45,089 | 41,71,41,240 | 28,394 | 35,24,67,427 | 46,548 | 69,43,69,380 | 62,142 | 79,69,65,530 | 41,316 | 51,49,14,646 |
| जम्मू और कश्मीर | 6,278 | 5,27,86,575 | 65,762 | 33,92,22,548 | 62,519 | 57,20,07,889 | 2,46,823 | 4,46,38,33,680 | 3,79,759 | 6,97,46,07,643 | 2,69,539 | 5,17,42,25,399 |
| झारखंड | 1,07,125 | 1,06,30,07,538 | 4,02,636 | 3,80,34,39,510 | 2,92,945 | 2,94,35,61,932 | 3,24,024 | 4,40,95,94,590 | 4,05,671 | 4,90,98,97,278 | 2,58,022 | 3,50,53,07,277 |
| कर्नाटक | 1,18,153 | 2,86,91,25,874 | 5,80,443 | 7,76,28,11,283 | 6,52,150 | 6,88,43,84,722 | 10,83,580 | 9,62,93,84,141 | 22,13,619 | 16,60,93,00,000 | 24,33,887 | 15,58,78,01,566 |
| केरल | - | - | 9,69,810 | 6,76,70,13,412 | 10,40,111 | 7,61,45,62,339 | 16,96,845 | 15,68,87,61,430 | 12,22,500 | 17,00,57,58,025 | 5,16,487 | 8,25,65,76,750 |
| लद्दाख | - | - | - | - | - | - | 505 | 67,07,803 | 5,186 | 8,39,27,662 | 4,324 | 6,70,42,926 |
| लक्षद्वीप | - | - | 1 | 1,800 | - | - | 64 | 19,40,020 | 401 | 1,17,19,130 | 322 | 92,89,411 |
| मध्य प्रदेश | 42,612 | 52,19,40,837 | 2,61,496 | 3,45,35,45,417 | 3,77,006 | 5,37,59,33,250 | 7,02,119 | 11,63,35,08,654 | 11,49,586 | 19,32,79,74,790 | 10,14,950 | 11,93,51,47,691 |
| महाराष्ट्र | 1,08,062 | 2,77,28,97,464 | 2,03,957 | 4,93,39,50,420 | 1,42,631 | 3,90,33,32,609 | 1,29,700 | 3,46,16,57,858 | 3,17,164 | 7,90,19,77,518 | 3,02,664 | 7,75,40,45,174 |
| मणिपुर | 1,459 | 2,72,03,099 | 12,527 | 18,91,41,389 | 16,330 | 16,44,84,595 | 24,050 | 30,90,46,978 | 38,866 | 53,78,56,671 | 25,853 | 36,39,42,076 |
| मेघालय | 1,122 | 71,15,011 | 1,24,358 | 93,36,72,884 | 1,23,680 | 95,44,41,138 | 1,45,224 | 1,17,33,12,963 | 1,85,112 | 1,72,73,02,809 | 1,28,454 | 1,44,74,41,269 |
| मिजोरम | 7,067 | 5,60,41,636 | 27,584 | 25,40,25,836 | 16,915 | 20,90,05,800 | 13,904 | 17,75,48,426 | 23,309 | 31,45,54,215 | 21,679 | 26,59,03,115 |
| नागालैंड | 262 | 33,27,272 | 10,096 | 13,65,14,683 | 7,344 | 10,71,67,010 | 5,650 | 11,26,28,183 | 12,456 | 26,90,13,037 | 21,227 | 45,43,34,586 |
| पुदुचेरी | - | - | 1,361 | 1,10,16,220 | 2,477 | 1,04,12,784 | 11,863 | 7,43,66,025 | 24,733 | 20,29,34,373 | 24,223 | 21,24,41,792 |

| | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पंजाब | - | - | 1,94,052 | 2,31,49,83,999 | 4,15,749 | 4,63,91,79,389 | 5,28,728 | 6,59,47,20,315 | 2,96,695 | 3,75,98,04,956 | 4,99,661 | 5,94,37,04,764 |
| राजस्थान | - | - | 9,25,683 | 5,38,89,03,873 | 4,18,192 | 2,46,86,55,573 | 12,34,819 | 8,31,58,39,855 | 16,40,401 | 17,24,81,95,311 | 15,90,934 | 16,13,52,66,799 |
| सिक्किम | 9 | 1,36,100 | 1,205 | 1,57,86,780 | 1,937 | 1,56,62,360 | 2,753 | 1,89,63,767 | 4,792 | 4,34,43,238 | 4,837 | 4,62,90,617 |
| तमिलनाडु | 8,05,291 | 10,24,51,58,363 | 8,15,775 | 10,12,87,32,387 | 18,94,989 | 8,64,29,39,095 | 44,94,343 | 16,29,64,58,376 | 14,19,371 | 13,49,88,48,486 | 7,90,670 | 10,06,46,52,579 |
| तेलंगाना | - | - | - | - | - | - | 2,71,016 | 6,28,78,44,173 | 5,59,443 | 11,55,68,83,812 | 4,85,617 | 10,19,28,38,763 |
| त्रिपुरा | 7,763 | 3,93,08,890 | 50,950 | 29,77,58,847 | 30,075 | 24,05,89,648 | 45,892 | 40,44,19,915 | 76,522 | 79,10,33,687 | 68,434 | 74,25,70,531 |
| उत्तर प्रदेश | 65,920 | 75,09,32,516 | 2,81,158 | 3,07,67,43,585 | 3,14,580 | 2,97,67,00,084 | 4,94,345 | 5,68,31,01,349 | 8,22,346 | 12,45,84,57,823 | 8,57,219 | 15,34,88,11,970 |
| उत्तराखंड | 20,321 | 20,69,08,058 | 1,24,524 | 1,15,95,01,009 | 1,12,217 | 1,64,08,71,366 | 1,81,034 | 4,04,23,75,654 | 2,58,843 | 5,89,78,59,780 | 2,50,414 | 5,18,89,50,797 |
| **कुल** | **20,64,315** | **30,58,50,32,113** | **78,07,144** | **92,13,30,89,036** | **83,60,740** | **89,14,14,73,282** | **1,48,00,807** | **1,58,87,04,84,129** | **1,56,24,727** | **2,27,12,41,83,237** | **1,35,87,709** | **1,93,88,98,17,347** |

*****